शनिवार

27 मई, 2023

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज






कलावती लॉज में लंबे समय से चल रहा था गंदा खेल, जेल भेजे गए सभी आरोपी 3




## सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की राष्ट्रपति से नई संसद के उद्घाटन की मांग वाली याचिका

- सुप्रीम कोर्ट ने की टिप्पणी- कहा हम जानते हैं कि यह याचिका क्यों दाखिल हुई, ऐसी याचिकाओं को देखना सुप्रीम कोर्ट का काम नहीं
- जजों ने कहा- क्यों न ऐसी याचिका को हर्जाना लगाते खारिज करना चाहिए



**एजेंसी/नई दिल्ली**

संसद भवन की नई इमारत के उद्घाटन को लेकर जारी विवाद से संबंधित जनहित याचिका सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई से ही इनकार कर दिया। याचिका खारिज करते हुए कोर्ट ने कहा कि हम जानते हैं कि यह याचिका क्यों दाखिल हुई। ऐसी याचिकाओं को देखना सुप्रीम कोर्ट का काम नहीं है। कोर्ट ने पूछा कि इस याचिका से किसका हित होगा? इस पर याचिकाकर्ता सटीक जवाब नहीं दे पाए। याचिका में शीर्ष अदालत से नए भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति से कराने का निर्देश लोकसभा सचिवालय को देने की मांग की गई थी।

सुप्रीम कोर्ट की अवकाशकालीन बेंच के जस्टिस जे के माहेश्वरी और पी एस नरसिम्हा की बेंच के सामने यह मामला आया। जजों ने शुरू में ही पूछा कि इस तरह की याचिका को हर्जाना लगाते हुए खारिज क्यों नहीं करना चाहिए? इस पर वकील ने अपनी बात रखने की अनुमति मांगी। जजों ने उनसे कहा कि आप अपनी बात रखिए। याचिकाकर्ता ने कहा कि राष्ट्रपति देश के संवैधानिक प्रमुख हैं। संविधान के अनुच्छेद 79 में संसद का जो गठन बताया गया है, उसके तीन हिस्से हैं - राष्ट्रपति, लोकसभा और राज्यसभा। इस तरह राष्ट्रपति संसद का एक हिस्सा है जबकि प्रधानमंत्री सिर्फ संसद के सदस्य हैं। इस पर जस्टिस नरसिम्हा ने कहा, अनुच्छेद 79 सिर्फ एक व्यवस्था की व्याख्या करता है। इसमें कहीं भी इस बात की अनिवार्यता नहीं दी गई है कि कोई उद्घाटन भी राष्ट्रपति के हाथों ही करवाना जरूरी है। जस्टिस जे के माहेश्वरी ने इस बात पर आश्चर्य जताया कि इस तरह की याचिका अनुच्छेद 32 के तहत कैसे दाखिल की गई है? मामले में याचिकाकर्ता या किसी भी व्यक्ति का कौन सा अधिकार प्रभावित हो रहा है? वकील ने एक बार फिर कहा की अनुच्छेद 85 के तहत राष्ट्रपति ही संसद का सत्र बुलाते हैं और 87 के तहत वह दोनों सदनों को संबोधित करते हैं। दलील सुनने के बाद कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी।

### सुप्रीम कोर्ट के वकील ने दायर की थी याचिका

सुप्रीम कोर्ट के वकील सीआर जया सुकिन ने यह जनहित याचिका दाखिल की थी। इसमें कहा गया कि उद्घाटन समारोह में राष्ट्रपति को शामिल नहीं करके भारत सरकार ने संविधान का उल्लंघन किया है। संसद भारत का सर्वोच्च विधायी निकाय है। भारतीय संसद में राष्ट्रपति और दो सदन राज्यसभा और लोकसभा शामिल हैं। राष्ट्रपति के पास किसी भी सदन को बुलाने और सत्रावसान करने की शक्ति है। साथ ही संसद या लोकसभा को भंग करने की शक्ति भी राष्ट्रपति के पास है। ऐसे में संसद के नए भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति द्वारा किया जाना चाहिए।

### कौन पक्ष में और कौन है विरोध में

नए संसद भवन पर केंद्र सरकार के साथ अब राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) मिलाकर 25 दल हैं। वहीं, उद्घाटन कार्यक्रम के बहिष्कार की विपक्ष की मुहिम से कई दलों ने किनारा कर लिया है। बसपा, जद-एस और तेलुगू देशम ने बृहस्पतिवार को समारोह में शामिल होने का एलान किया। उन्होंने कहा, यह जनहित का मुद्दा है, इसका बहिष्कार करना गलत है। एनडीए में भाजपा समेत 18 दलों के अलावा विपक्षी खेमे के सात दलों ने उद्घाटन समारोह में शिरकत करने की रजामंदी दी है।

## मधेपुरा में मुखिया की गोली मारकर हत्या, सड़क जाम



**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के मधेपुरा सदर अनुमंडल के मुरलीगंज थाना क्षेत्र के दीनापट्टी सखुआ पंचायत के वर्तमान मुखिया की दिनदहाड़े गोली मार कर दी गई। मुखिया की हत्या के बाद लोगों का आक्रोश काफी बढ़ गया। गुस्साए लोगों ने शव को तिलकोरा नहर से उठाकर एनएच 107 पर रख कर घंटों सड़क जाम रखी। इस दौरान लोगों ने दीनापट्टी हॉल्ट पर सहरसा से कोलकाता जा रही हाटे बाजरे एक्सप्रेस को भी रोक दिया। इससे यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

घटना के बारे में बताया जा रहा है कि शुक्रवार की सुबह 10 बजे मुखिया दिलीप कुमार को बुलाने दो लोग आए। खाना खाने के बाद वह उनके साथ अपनी बाइक से निकल गए। इसी बीच तिलकोड़ा-सखुआ पुल के बीच नहर पर बेखौफ अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी, जिसमें दिलीप कुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। गोली की आवाज सुन जब ग्रामीण घटनास्थल की तरफ दौड़े, तब बाइक सवार दो अपराधी हथियार लहराते भागते दिखे।

### हाजीपुर में व्यवसायी को गोलियों से किया छलनी

**पटना।** बिहार के हाजीपुर में बेखौफ बदमाशों ने गुरुवार की रात एक दूध व्यवसायी को गोलियों से छलनी कर दिया। बाइक से दो की संख्या में पहुंचे बदमाशों ने दूध व्यवसायी को एक-एक कर पांच गोली मारी. मौके पर ही दूध व्यवसायी की मौत हो गई. घटना बरांटी ओपी के इस्माइलपुर चौक के समीप की है। रात के करीब 11 बजे के आसपास घटना को अंजाम दिया गया है। दूध व्यवसायी की पहचान बिदुपुर थाना क्षेत्र निवासी बैद्यनाथ राय के 40 वर्षीय पुत्र राजू कुमार राय के रूप में की गई है। वह अपने घर से बाइक पर दूध लेकर हाजीपुर के होटल में बेचने के लिए निकले थे, लेकिन रास्ते में ही घेर कर गोली मार दी गई। बदमाशों ने रात का फायदा उठाया और घटना के बाद मौके से फरार हो गए। घटना को लेकर जांच में पहुंचे हाजीपुर एसडीओ अरुण कुमार ने बताया कि बरांटी ओपी में एक व्यक्ति को गोली मारी गई है। उसे सदर अस्पताल लाया गया। यहां मौत की पुष्टि के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## खबरें फटाफट

### पटना में मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़

**पटना।** पटना के गौरीचक में शुक्रवार को मुंगेर और पटना पुलिस के संयुक्त छापेमारी अभियान में एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने गौरीचक थाना क्षेत्र के पियरिया गांव से दीपक सिंह के मकान में सालों से चल रही मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मिनी गन बनाते मुंगेर के दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने वहां से भारी मात्रा में बंदूक बनाने के औजार और कच्चा माल भी जब्त किया है। ग्रामीण एसपी सैयद इमरान मसूद ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि पियरिया गांव में दीपक सिंह के मकान में सालों से मिनी गन बनाने का काम चल रहा है। उन्होंने इसके लिए एक टीम का गठन कर छापेमारी की। इस मामले में मुंगेर निवासी मोहम्मद अहसान (35) और मोहम्मद चुनना (30) को गिरफ्तार किया गया है।

### महिला अधिकारी को सरकार ने किया दंडित

**कैमूर।** बिहार प्रशासनिक सेवा के एक महिला अधिकारी को सरकार ने दंड दिया है। सीबीआई की रिपोर्ट पर बिहार प्रशासनिक सेवा के अधिकारी श्वेता मिश्रा को सरकार ने निंदन के साथ-साथ 2 वेतन वृद्धि असंचयात्मक प्रभाव से रोक का दंड दिया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने संकल्प जारी कर दिया है। दरअसल, श्वेता मिश्रा कैमूर में जिला प्रोग्राम पदाधिकारी के पद पर तैनात थी। शेल्टर होम में गड़बड़ी को लेकर सीबीआई ने जांच की थी। उन पर आरोप है कि अल्पावास गृह का पर्यवेक्षण एवं निरीक्षण नहीं कीं।

### योगी सरकार ने पीडीएस दुकानों की आमदनी बढ़ाने का लिया फैसला

## यूपी में अब उचित दर की दुकानों पर मिलेगा बेकरी व सौंदर्य उत्पाद

- अब सरकारी राशन की दुकानों पर दूध, पाउडर, साबुन, मिठाई और बेबी केयर उत्पाद समेत 35 दूसरे सामान मिलेंगे
- खाद्य और रसद विभाग ने इसके लिए जारी किया आदेश

**एजेंसी/लखनऊ**

राज्य सरकार ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत संचालित उचित दर की दुकानों के दुकानदारों की आय बढ़ाने के लिए अतिरिक्त वस्तुओं की बिक्री की अनुमति प्रदान की है, जिसमें बेकरी उत्पाद, घरेलू सामान, सौंदर्य और बेबी केयर उत्पाद शामिल हैं। शासन ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। खाद्य एवं रसद आयुक्त को इस बाबत आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है। यह सुनिश्चित करने को भी कहा गया है कि इन वस्तुओं का निर्माण एफएसएसएआई के मानकों के मुताबिक हुआ हो। ये वस्तुएं केवल उन उचित दर की दुकानों पर बेची जाएंगी, जो ऐसे मुख्य मार्ग पर स्थापित हों, जहां भारी वाहनों का आवागमन सुचारू रूप से हो सकता है।

**समिति का होगा गठनः** इसके लिए खाद्य आयुक्त के स्तर पर एक समिति का गठन किया जाएगा, जिसमें एक सदस्य खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन का होगा। यह समिति अनुमन्य वस्तुओं की समय-समय पर समीक्षा करते हुए इनकी संख्या में वृद्धि अथवा कमी कर सकने के लिए अधिकृत होगी।

**जनोपयोगी रोजमर्रा की वस्तुएं और स्वास्थ्य सुरक्षा संबंधी वस्तुएं भी मिलेंगीः** आदेश के मुताबिक सरकारी राशन की दुकानों में गेहूं, चावल, दाल, आटा, चीनी, खाद्य तेल, मिट्टी का तेल, मोटा अनाज, नमक के अतिरिक्त जनोपयोगी रोजमर्रा की वस्तुएं और स्वास्थ्य सुरक्षा संबंधी वस्तुएं जैसे साबुन, शैम्पू, चाय, पेन, कॉपी, ओआरएस टैबलेट एवं घोल, निरोध, सैनेटरी नैपकीन आदि के विक्रय करने की अनुमति वर्ष 2019 में प्रदान की गई थी। इसी शासनादेश के तहत अब कुछ और वस्तुओं को भी इसमें शामिल किया गया है। इन वस्तुओं में दूध एवं दूध से बने पैक्ड उत्पाद, बिस्किट, ब्रेड, गुड़, घी, नमकीन, सूखे मेवे, मिठाई, मसाले, दूध पाउडर, बच्चों के कपड़े (होजरी), राजमा, सौंदर्य प्रसाधन सामग्री, सोयाबीन, क्रीम, धूपबत्ती, कंघी, दर्पण, झाड़ू, पोछा, ताला, छाता, रेनकोट, वॉल हैंगर, टूथब्रश, डिटर्जेंट पाउडर, मच्छररोधी अगरबत्ती, बर्तन धोने वाले बार, विद्युत का सामान, टार्च, दीवार घड़ी, माचिस, नायलॉन एवं जूट रस्सी, प्लास्टिक पानी पाइप, प्लास्टिक बाल्टी, मग, छलनी, हैंडवॉश, बाथरूम क्लीनर, शेविंग किट, बेबी केयर उत्पाद (डायपर, साबुन, तेल, वाइप्स, बॉडी लोशन) आदि को शामिल किया गया है।



### यूपी में भर्ती परीक्षाओं में निरीक्षक तैनाती की व्यवस्था बदली

**लखनऊ।** योगी सरकार ने लोकसेवा आयोग की होने वाली भर्ती परीक्षाओं में निरीक्षक तैनात करने की व्यवस्था बदल दी है। केंद्रों पर 50 फीसदी आंतरिक और 50 फीसदी बाहरी निरीक्षक तैनात होंगे। पहले यह अनिवार्यता नहीं थी। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की ओर से गुरुवार को शासनादेश जारी कर दिया गया है। पालीवाल कमेटी की संस्तुतियों के आधार पर केंद्र बनाने की व्यवस्था की गई है। डीएम व डीआईओएस द्वारा साफ छवि वाले स्कूलों की सूची उपलब्ध कराया जाएगा। अभ्यर्थियों की संख्या के आधार पर स्कूलों का चयन करते हुए केंद्र बनाया जाएगा। केंद्र बनाते समय 11 बिंदुओं को ध्यान में रखा जाएगा। केंद्रों को ए, बी व सी में वगीर्कृत किया जाएगा।

सरकारी स्कूल, सरकारी पालीटेक्निक, इंजीनियरिंग कॉलेज, डिग्री कॉलेज, सीबीएसई बोर्ड आईसीएससी बोर्ड के स्कूलों को केंद्र बनाया जाएगा। डीएम व डीआईओएस द्वारा केंद्र व्यवस्थापक और निरीक्षकों की सूची तैयार की जाएगी। इसमें केंद्र पर उप प्रधानाचार्य, वरिष्ठ व काम में अनुभवी शिक्षक को सह केंद्र व्यवस्थापक बनाया जाएगा। आंतरिक और बाहरी निरीक्षकों की भी सूची तैयार की जाएगी। किसी निरीक्षक के न आने पर दूसरे को तैनात किया जाएगा। वरिष्ठ अधिकारियों को स्टैटिक मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात किया जाएगा। उन्हें निर्धारित समय पर केंद्रों पर पहुंचना होगा। उनकी देखरेख में नकल विहीन परीक्षा कराई जाएगी। परीक्षा समाप्त होने के बाद उत्तरपुस्तिकाओं की पैकिंग उनकी देखरेख में की जाएगी। पैकेट पर केंद्र पर्यवेक्षक के साथ उनके भी हस्ताक्षर होंगे। शील्ट पैकेट को तय पोस्ट ऑफिस तक केंद्र पर्यवेक्षक के साथ पहुंचाने के बाद ड्यूटी समाप्त मानी जाएगी।

### नीति आयोग की बैठक में शामिल नहीं होंगे सीएम नीतीश

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शनिवार 27 मई को नई दिल्ली में होने वाली नीति आयोग की बैठक में शामिल नहीं होंगे। नीति आयोग की बैठक में शामिल नहीं होने की खबर के पहले उन्होंने रविवार 28 मई को नये संसद भवन के उद्घाटन समारोह का बहिष्कार करने की जानकारी सार्वजनिक कर दी थी। प्रस्तावित नीति आयोग की बैठक में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पहले ही इस बात की घोषणा कर दी थी कि वो इस बैठक का हिस्सा नहीं लेंगी। वहीं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी इस बैठक से खुद को दूर कर लिया है। नीति आयोग के अध्यक्ष के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बैठक की अध्यक्षता करेंगे।






### बिहार सरकार ने शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों की अधिकतम आयु सीमा को किया लचीला

## ट्रेंड अभ्यर्थियों को पहली काउंसलिंग में 10 साल की छूट

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार सरकार की नई शिक्षक नियमावली 2023 में अब बीपीएससी की परीक्षा अनिवार्य है। लेकिन इसी बीच शिक्षक अभ्यर्थियों के लिए गुड न्यूज है। बीपीएससी की परीक्षा देकर स्कूल टीचर बनने की चाह रखने वाले नियोजित शिक्षक अभ्यर्थियों को अपनी ज्यादा उम्र को लेकर बेआस नहीं होना पड़ेगा। बिहार सरकार ने ऐसे अभ्यर्थियों के लिए अधिकतम आयु सीमा को लचीला कर दिया है। शिक्षा विभाग की ओर से स्कूल टीचरों की नई नियमावली के लागू होने से पहले बदलाव किया गया है। इसके तहत ट्रेंड अभ्यर्थियों को पहली काउंसलिंग में 10 साल की छूट देने का फैसला लिया गया है। इसके बारे में शिक्षा विभाग की तरफ से अधिसूचना भी जारी कर दी गई है।




अधिसूचना में ये बताया गया कि पंचायती राज संस्था और नगर निकाय संस्था के अंतर्गत नियुक्त और काम कर रहे टीचरों को अधिकतम उम्र सीमा में पूरी छूट जी जाएगी। मसला ये था कि ज्यादातर नियोजित शिक्षकों की अधिकतम आयु सीमा खत्म हो गई है। इसीलिए नीतीश सरकार ने अधिकतम आयु सीमा को शिथिल करने का फैसला किया है। अधिसूचना के अनुसार टीचर की नियुक्ति के लिए आवेदन करने जा रहे वो ट्रेंड अभ्यर्थी जिन्होंने बिहार राज्य शिक्षक नियमावली 2023 के प्रभावी होने के पहले पात्रता परीक्षा पास की है, उन्हें नियमावली के लागू होने के बाद नियुक्ति काउंसलिंग के दौरान अधिकतम आयु सीमा में 10 साल की छूट मिलेगी। ये छूट एक अगस्त, 2023 को आधार मानकर दी जाएगी। बिहार लोक सेवा आयोग इसी महीने 1.70 लाख स्कूल टीचरों की वैकेंसी के लिए विज्ञापन जारी करने वाला है। खास बात ये है कि इस परीक्षा में नियोजित शिक्षकों के लिए भी मौका है।

### इस साल अगस्त में होगी शिक्षक भर्ती परीक्षा

बिहार लोक सेवा आयोग की ओर से नई शिक्षक बहाली नियमावली के तहत होने वाली परीक्षा की तिथि घोषित कर दी है। परीक्षा का कैलेंडर बीपीएससी की ओर से जारी किया गया है। कैलेंडर के अनुसार इसी वर्ष 2023 के अगस्त में शिक्षक भर्ती परीक्षा होगी। 19, 20, 26 और 27 अगस्त को परीक्षा की तिथि निर्धारित की गई है। शिक्षक भर्ती में कुल 1,70,461 पदों के लिए बहाली होगी। इसमें 79,943 प्राथमिक शिक्षक, 32,916 पदों पर माध्यमिक शिक्षक और 57,602 पदों पर हायर सेकेंडरी स्कूलों के लिए शिक्षक बहाल किए जाएंगे।

# एनबीएस व एमडीए कार्यक्रम में फाइलेरिया नेटवर्क समूह की भूमिका अहमः डॉ. सुभाष

- ❒ फाइलेरिया नेटवर्क समूह के सदस्यों को दिया गया प्रशिक्षण
- ❒ प्रतिभागियों ने जाना हाथीपांव एवं हाइड्रोसिल के प्रबंधन के गुर

**केटी न्यूज/पटना**

फाइलेरिया उन्मूलन के लिए वर्ष 2027 तक का लक्ष्य निर्धारित है। उन्मूलन अभियान में सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम (एमडीए ) सबसे सशक्त जरिया है। इसमें सभी की सहभागिता ही अभियान की सफलता सुनिश्चित कर सकती है। फाइलेरिया नेटवर्क समूह के सदस्यों की जिम्मेदारी बनती है कि संचालित होने वाले सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम के बारे में ज्यादा से ज्यादा लोगों को बताएं और इसकी महत्ता के बारे में सभी को जागरूक करें. नेटवर्क समूह के सदस्य फाइलेरिया के दंश के बारे में अपने अनुभव लोगों से साझा करें और सभी को अभियान के दौरान दवा खाने केलिए प्रेरित करें। उक्त बातें जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. सुभाष चंद्र प्रसाद ने फाइलेरिया नेटवर्क समूह के सदस्यों के लिए आयोजित उन्मुखीकरण सह प्रशिक्षण कार्यशाला के दौरान कही। फुलवारीशरीफ प्रखंड के हसनपुरा गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में कार्यशाला में फुल्वारीशारिफ प्रखंड के फाइलेरिया नेटवर्क समूह के सदस्यों ने भाग लिया और अपने अनुभवों को साझा किया।



**सामने खिलाई जानी है फाइलेरिया की दवाः** डॉ. सुभाष चंद्र प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम के दौरान टीमें अपने सामने लक्षित आबादी को दवा खिलायेगी. इसमें आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, स्वास्थ्यकर्मियों के साथ फाइलेरिया नेटवर्क समूह के सदस्यों की भूमिका भी अहम्‌ होगी। नेटवर्क समूह के सदस्य नाईट ब्लड सर्वे के दौरान सभी लोगों को अपना रक्त के सैंपल देने के लिए प्रेरित करें और विभाग का सहयोग करें। एमडीए कार्यक्रम के दौरान नेटवर्क समूह के सदस्यों को मिशन मोड में काम करने की जरुरत है ताकि अभियान का लक्षित उद्देश्य पूरा हो सके।

कार्यशाला के दौरान ग्राम शाहपुर के वार्ड संख्या-1 की वार्ड मेंबर अनीता देवी ने फाइलेरिया से अपने अनुभवों को सभी से साझा करते हुए सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम के दौरान नेटवर्क समुंह के सदस्यों की सहभागिता पर जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी से सवाल पूछे और बताया कि फाइलेरिया से उनकी जंग ने उन्हें बहुत कुछ सिखाया है और वह अपने स्तर से अभियान को सफल बनाने में सहयोग सुनिश्चित करेंगी।

**निभाएंगे अपनी जिम्मेदारीः** लक्ष्मी नेटवर्क समूह के सदस्य रविंद्र यादव ने बताया कि वह काफी समय से हाइड्रोसिल से ग्रसित हैं और जानते हैं कि इससे क्या परेशानी होती है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से अपील किया कि एमडीए कार्यक्रम में अपना पूरा सहयोग कर अभियान को सफल बनाने में मदद करें। वहीं लक्ष्मी नेटवर्क समूह के सदस्य पटेल पंडित ने कहा कि वह हमेशा लोगों को फाइलेरिया के बारे में जागरूक करते हैं और अभियान के दौरान लोगों को पूरे परिवार के साथ दवा सेवन करने के लिए जागरूक करेंगे।

विदित हो कि आगामी 10 अगस्त से पटना सहित राज्य के 14 जिलों में एमडीए कार्यक्रम संचालित किया जाना है। इसके पूरे चयनित जिलों में प्रखंड स्तर पर नाईट ब्लड सर्वे कराया जायेगा। जिससे फाइलेरिया के माइक्रो दर का पता लगाया जा सके। कार्यशाला के दौरान वेक्टर जनित रोग नियंत्रण अधिकारी पंकज कुमार, जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण सलाहकार कल्याणी कुमारी, केयर इंडिया से अमर कुमार, सीफार से रणजीत कुमार, नवनीत सिन्हा, किशोर केशव सहित कई लोगों ने शिरकत की।

### दोनों पक्षों के लोगों ने मारपीट व धारदार हथियार से हमले का लगाया आरोप

# विदाई को लेकर मायके और ससुराल पक्ष में मारपीट व चाकूबाजी, पति-पत्नी जख्मी



**केटी न्यूज/आरा**

- ■ नवविवाहिता बोली... मारपीट के बाद पति ने रेत लिया अपना गला

जिले के नवादा थाना क्षेत्र के जवाहर टोला में शुक्रवार की सुबह बहू की विदाई को लेकर मायके और ससुराल पक्ष के लोगों के बीच झड़प हो गई। जिसमें दोनों पक्ष के लोगों में जमकर मारपीट हुई। धारदार हथियार से भी एक-दूसरे पर हमला करने का आरोप लगा जा रहा है। घटना में नवदंपति गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिनका इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। घायलों में जवाहर टोला मोहल्ला निवासी 22 वर्षीय संतोष कुमार और उसकी 21 वर्षीया पत्नी रेशमा कुमारी शामिल है। दोनों की अभी 24 रोज पहले ही शादी हुई थी। जख्मी दुल्हन रेशमा कुमारी ने बताया कि उसकी शादी इसी माह के 2 मई को हुई थी। तीन मई को वो अपने ससुराल आयी। उसके अगले दिन से ही ससुराल वाले घर का सारा काम उसी से कराने लगे। साथ ही, उसका पति उसके साथ मारपीट करने लगा।

इस क्रम में गुरुवार को उसकी शिकायत उसने अपनी मां से की थी। शुक्रवार की सुबह उसकी मां उसकी विदाई कराने उसके ससुराल आयी। तब उसके पति और परिवार वालों ने विदाई करने से इंकार कर दिया। उसी बात को लेकर उनके बीच नोंकझोंक हुई। उसके बाद उसके पति ने खुद से अपना गला काट लिया। साथ ही उसे भी हाथ काटने के लिए मजबूर कर दिया। दूसरी ओर संतोष कुमार की मां तारा देवी ने बताया कि उनके बेटे की शादी इसी माह के दो मई को बिहिया बाजार वार्ड नंबर 13 निवासी रेशमी कुमारी से उनके पुत्र की शादी हुई है। शुक्रवार को उसकी सास और भाई विदाई कराने के लिए उनके घर आए थे। उनके बेटे ने विदाई करने से मना कर दिया। कहा कि बाद में पहुंचा दिया जाएगा। उसी बात को लेकर उनके बीच कहासुनी हुई। उसके बाद उसकी पत्नी द्वारा उस पर धारदार हथियार से बाहर कर दिया। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। तारा देवी द्वारा बहू पर अपने बेटे को धारदार हथियार से मारने और उसकी मां फर हाथ को काटने का आरोप लगाया गया है। पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

## गर्म पुड़ी व दहीबड़ा नहीं देने पर बुजुर्ग को पीटा, अस्पताल में मौत

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के कृष्णगढ़ थाने के बलुआ गांव में गर्म पुड़ी और दहीबड़े नहीं देने पर दबंगों ने एक बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या कर दी। मृत बुजुर्ग बलुआ गांव निवासी 62 वर्षीय सत्य नारायण चौधरी थे। मारपीट की घटना कुछ रोज पहले हुई थी। इलाज के दौरान पटना के एक अस्पताल में गुरुवार की रात उनकी मौत हुई है।? इस मामले में उनकी पत्नी मीना देवी की ओर से छह लोगों के खिलाफ केस किया गया था।पुलिस द्वारा अबतक तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

प्राथमिकी में बताया गया कि सत्यनारायण चौधरी पिछले दिनों गांव में तिलक समारोह में मजदूरी करने गये थे। वह खाना वाले भंडार में काम कर रहे थे। भोज के दौरान गांव के राजकुमार चौधरी, अमृत चौधरी व कोईलवर के कुल्हाड़िया गांव के धीरज चौधरी भंडार में पहुंचे। तीनों ने गर्म पुड़ी और दहीबड़े की मांग की। सत्यनारायण चौधरी ने कहा कि वह मजदूरी करने आया है। वह कुछ नहीं दे सकता है। कुछ चाहिए तो घर के मालिक से मांगना होगा। जिस पर तीनों ने उनके साथ गाली गलौज की गयी। उसकी शिकायत करने सत्य नारायण चौधरी घर के मालिक के पास जा रहे थे। तभी रास्ते में उनको घेरकर पिटाई करने लगे। इस बीच गांव के भरत चौधरी, दीपक चौधरी और सुरेंद्र चौधरी भी पहुंच गये। उन्होंने लाठी-डंडे से उनकी जमकर पिटाई की। उसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गये। उन्हें इलाज के लिए पहले आरा और फिर पटना ले जाया गया। जहां गुरुवार की देररात पटना में उनकी मौत हो गयी। इधर, थानाध्यक्ष विवेक कुमार के अनुसार मारपीट के बाद छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। उसमें तीन आरोपितों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। अन्य आरोपितों की धरपकड़ को लेकर छापेमारी की जा रही है।



## 28 तक आंकड़ा अपलोड नहीं करने वाले निजी विद्यालय का यू-डायस होगा रद्द

**बक्सर।** यू-डायस 2022-23 के तहत स्टूडेंट प्रोफाइल मॉड्यूल के अंतर्गत बच्चों के आंकड़ों की प्रविष्टि को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी ने निर्देश जारी किया है। निर्देश जिले के प्रधानाध्यापक व संचालक निजी विद्यालय को किया गया है। निजी विद्यालयों को बच्चों की डेटा प्रविष्टि को लेकर अंतिम मौका 28 मई का दिया गया है। इसके बाद भी स्टूडेंट प्रोफाइल मॉड्यूल के अंतर्गत बच्चों के आंकड़ों की प्रवृत्ति शत प्रतिशत नहीं किया गया तो निजी विद्यालयों की यू-डाइस कोड को रद्द कर दी जाएगी। इसको लेकर पत्र जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा जारी का निर्देश दिया गया है। जारी निर्देश के तहत 28 मई तक हर हाल में स्टूडेंट प्रोफाइल मॉड्यूल के अंतर्गत बच्चों के आंकड़ों की प्रविष्टि शत-प्रतिशत कराना सुनिश्चित किया जाना है। ज्ञात हो कि यू-डायस 2022-23 के तहत स्टूडेंट प्रोफाइल मॉड्यूल के अंतर्गत बच्चों के आंकड़ों की प्रविष्टि हेतु विगत कई दिनों से लगातार समीक्षा की जा रही है। समीक्षा के दौरान बच्चों के आंकड़ों के प्रविष्टि अभिलंब पूर्ण करने को लेकर निर्देशित किया गया है। इसके बावजूद नीजी विद्यालय गंभीरता से नहीं ले रहे है। वहीं अंतिम मौका को लेकर सभी विद्यालयों को अवगत कराया गया है। परंतु सभी प्रयासों के बावजूद अभी तक निजी विद्यालयों द्वारा आंकड़े की प्रविष्टि प्रारंभ नहीं की गई है। आंकड़ों की प्रविष्टि अब तक नहीं हो पाई है। इससे स्पष्ट होता है कि इस कार्य में आपके द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। साथ ही विभागीय आदेश की अवहेलना को भी प्रमाणित किया जा रहा है।

## बुनियादी विद्यालय परिसर में शिक्षक संघ ने स्व. कविता कुमारी को दी श्रद्धांजलि

**बक्सर।** बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ गोप गुट ने नगर के स्टेशन रोड स्थित बुनियादी विद्यालय परिसर में कविता कुमारी की हत्या को लेकर 1 मिनट का मौन व्रत रखा तथा श्रद्धांजलि अर्पिते की। इसके साथ ही उनकी आत्मा की शांति को लेकर ईश्वर से प्रार्थना की गई। ज्ञात हो कि बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ गोप गुट के चौगाई प्रखंड अध्यक्ष कविता कुमारी की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी है। संघ के सदस्यों ने बताया कि शिक्षिका कविता कुमारी स्कूल के प्रति काफी सक्रिय रहती थी। जिला अध्यक्ष नागेंद्र राम ने जिला पदाधिकारी से मांग किया है कि वैसे अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। यदि अपराधियों को सजा नहीं मिलेगा तो गोपगुटे चरणबद्ध आंदोलन करने के लिए मजबूर हो जाएगा।



## सरकारी व गैर सरकारी दफ्तरों में महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न पर लगेगी रोक, शिकायत समिति गठित

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर पुलिस ने सरकारी और गैर सरकारी दफ्तरों में काम करने वाली महिलाओं के साथ होने वाले यौन उत्पीड़न पर रोक लगाने के लिए ठोस पहल शुरू की गयी है। उसके तहत एसपी प्रमोद कुमार की ओर से आंतरिक शिकायत समिति गठित की गयी है। डीएसपी मुख्यालय विनोद कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित समिति में छह सदस्य शामिल हैं। उनमें इंस्पेक्टर और दारोगा स्तर की महिला अफसर और सिपाही के साथ विधिक परामर्शी भी शामिल हैं। समिति सरकारी और गैर सरकारी कार्यालयों में काम करने वाली महिलाओं के साथ कार्यस्थल पर लैंगिक या किसी तरह के यौन उत्पीड़न की शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई करेगी। समिति में पुलिस ऑफिस के विधि-व्यवस्था कोषांग की प्रभारी इंस्पेक्टर वंदना कुमारी, महिला थानाध्यक्ष नीतू प्रिया, विदेशी शाखा की प्रभारी लिपिक सूर्यवंती देवी, महिला सिपाही रितू कुमारी और जिला बाल संरक्षण ईकाई की विधिक सह परामर्शी पदाधिकारी स्मिता कुमारी शामिल हैं। सभी समिति की सदस्य हैं। वहीं मुख्यालय डीएसपी विनोद कुमार सिंह को समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। अध्यक्ष और सदस्यों का कार्यकाल समिति गठन से तीन साल तक का होगा। एसपी की ओर से प्रेस बयान जारी कर यह जानकारी दी गयी है।

समिति के अध्यक्ष और सदस्यों का मोबाइल नंबर भी जारी किया गया है। एसपी का कहना है कि दफ्तरों में काम करने वाली महिलाएं इस तरह की परेशानी हो, तो तत्काल समिति के अध्यक्ष और सदस्यों के पास शिकायत करें। समिति द्वारा अविलंब उस पर कार्रवाई की जाएगी। बताते चलें कि बिहार सरकार की समान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना एवं कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 के आलोक में भोजपुर में अक्टूबर 2019 में तत्कालीन एसपी की ओर तब डीएसपी रहे मुरारी प्रसाद के नेतृत्व में शिकायत समिति का गठन किया गया था। अफसरों के तबादले को देखते हुए एसपी की ओर पिछले दिनों समिति की समीक्षा की गयी। उसमें पता चला कि समिति के सदस्यों का तबादला हो गया है। उसके बाद एसपी द्वारा नये सिरे से आंतरिक शिकायत समिति गठित की गयी।

### निक्षय मित्र बन समाज के सक्षम लोग टीबी मरीजों को ले रहे गोद

# सहायता: टीबी मरीजों को दिया गया पौष्टिक आहार वाला फूड बास्केट



**केटी न्यूज/गया**

जिला के टीबी रोगियों की देखभाल के लिए निक्षय मित्रों द्वारा लगातार फूड बास्केट का वितरण किया जा रहा है। जिला में कई नये निक्षय मित्र बन कर टीबी रोगियों को गोद ले रहे हैं, जबकि कई पुराने निक्षय मित्र है जो पूर्व से ही गोद लिये टीबी रोगियों को नियमित प्रत्येक माह फूड बास्केट या पोषण राशि सौंप रहे हैं। जिला के कई पंचायती राज जनप्रतिनिधियों के साथ चिकित्सक तथा समाजसेवी निक्षय मित्र के रूप में सामने आये हैं। ये सभी विभिन्न प्रखंडों में गोद लिये टीबी रोगियों की मदद कर रहे हैं।

इस क्रम में मानपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यक्रम का आयोजन कर पांच टीबी रोगियों को कच्चे खाद्य सामग्री की थैली सौंपी गयी। इनमें आटा, चावल, मसूर दाल, गुड़ के अलावा अंडा व अन्य पौष्टिक आहार को शामिल कर फूड बास्केट बनाया गया। इन सामग्रियों का वितरण स्टेट हेल्थ सोसाइटी के स्टेट टीबी सेल में आइइसी पदाधिकारी बुशरा अजीम द्वारा गोद लिये गये पांच टीबी मरीजों को सौंपा गया। इन मरीजों को यह फूड सामग्री बीएचएम तथा एसटीएस द्वारा मरीजों को सौंप दिये गये। बुशरा अजीम ने बताया कि समाज के संपन्न वर्ग के लोग निक्षय मित्र बन टीबी उन्मूलन की दिशा में अपना सहयोग जरूर प्रदान करें।

**पोषण व आजीविका के स्तर पर करेंगे मदद :** निक्षय मित्र योजना एक तरह से टीबी रोग से पीड़ित लोगों को गोद लेने की योजना है। इस योजना के तहत कोई भी सामान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, राजनीतिक दल, गैर सरकारी संस्थान, कॉर्पोरेट संस्थान टीबी के मरीज को गोद ले सकता है। इस अभियान के तहत व्यवस्था की गई है कि निक्षय मित्र बनने वाला व्यक्ति या संस्था कम से कम एक वर्ष के लिए और अधिक से अधिक तीन साल के लिए किसी गांव, वार्ड, पंचायत, ब्लॉक या जिले के किसी टीबी रोगियों को गोद लेकर उन्हें भोजन, पोषण, आजीविका के स्तर पर जरूरी मदद उपलब्ध करा सकते हैं।

## एक नजर

### दीनदयाल स्पर्श योजना में चयनित छात्र छात्राओं को 6000 रुपए का प्रदान किया गया चेक



**जहानाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित बाल विद्या मंदिर में भारतीय डाक विभाग द्वारा दीनदयाल स्पर्श योजना के तहत परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा में पूरे बिहार परिमंडल से 1500 बच्चों ने हिस्सा लिया था। जिसमें जिले के 10 बच्चे चयनित हुए। जिसके तहत चयनित छात्र छात्राओं को 6000 रुपए की चेक राशि प्रदान की गई। प्रतियोगिता में जिले के 10 बच्चों में से सात बच्चे बाल विद्या मंदिर से चयनित हुए। उन सभी बच्चों को वरीय डाक अधीक्षक गया प्रमंडल गया रासबिहारी राम ने छह-छह हजार रुपए के चेक प्रदान किए गए। जो प्रत्येक वर्ष इंटर तक छात्रवृत्ति के रूप में चयनित बच्चों को मिलता रहेगा। विद्यालय से चयनित होने वाले बच्चों में आयुष राज, सूरज कुमार, साधना कुमारी, शुभी कुमारी, नैनिका कुमारी, सुप्रिया कुमारी, अनुष्का कुमारी हैं। मौके पर पर विद्यालय के निदेशक अक्षय कुमार ने सभी सफल बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं, मुख्य अतिथि रासबिहारी राम वरीय डाक अधीक्षक गया प्रमंडल गया ने विद्यालय एवं विद्यालयी बच्चों की सराहना करते हुए यह कहा कि बहुत ही गौरव की बात है जो पूरे गया प्रमंडल में होने वाली इस प्रतियोगिता में से चयनित 10 बच्चों में से 7 बच्चे इसी विद्यालय के हैं। आपका विद्यालय एवं आपके विद्यालय के बच्चें आगे चलकर अवश्य ही सर्वोच्च श्रेणी की सफलता प्राप्त करेंगे' आगे भी इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन पूरे प्रमंडल स्तर पर होना है और जो भी बच्चे इस प्रतियोगिता में चयनित हुए हैं। उन सभी बच्चों को इंटर तक डाक विभाग की तरफ से दीनदयाल स्पर्श योजना के तहत प्रतिवर्ष 6000 रुप छात्रवृत्ति के तौर पर दिए जाएंगे। कार्यक्रम में सहायक डाक अधीक्षक कन्हैया प्रसाद सिंह, दिनेश्वर शाह, डाक निरीक्षक- रवि प्रकाश, केशव लाल, रंजीत कुमार, अभय कुमार जनसंपर्क पदाधिकारी डाक विभाग जहानाबाद एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे।

### जगपुरा पंचायत में स्वछता अभियान का शुभारंभ

**जहानाबाद।** जिले के मखदुमपुर प्रखण्ड के जगपुरा पंचायत में शुक्रवार को स्वछता अभियान का शुभारंभ किया गया।स्वच्छता अभियान का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी मखदुमपुर के द्वारा किया गया। इस मौके पर आयोजित समारोह की अध्यक्षता ग्राम पंचायत जगपुराके मुखिया सोनी कुमारी ने की। उन्होंने कहा कि वे पंचायत के विकास को लेकर कृत संकल्पित है। स्वच्छता को लेकर कई प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने लोगों से स्वच्छता अभियान को सफल बनाने की मांग की। इस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी मखदुमपुर प्रभाकर सिंह ने समारोह को संबोधित करते हुए स्वच्छता अभियान को सफल बनाकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का सपना साकार करने का संकल्प लेने की अपील लोगों से की। इस मौके पर प्रखंड कोडिनेटर अनिल कुमार सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। इस मौके पर डब्लूपीयू शेड की भी आधारशिला रखी गई।



### प्रशिक्षण प्राप्त किसानों का किया गया मूल्यांकन

**जहानाबाद।** कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण आत्मा के द्वारा बिहार कौशल विकास मिशन योजना के अंतर्गत आरपीएल प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत एग्रीकल्चर एक्सटेंशन सर्विस प्रोवाइडर विषय पर 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के उपरांत आज 26 मार्च 2023 को मूल्यांकन का आयोजन लखनऊ के मूल्यांकनकर्ता अजय श्रीवास्तव के देख रेख में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य संयोजक राकेश कुमार उप परियोजना निदेशक आत्मा के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में चार प्रशिक्षक श्री सुमंत कुमार दिवाकर, मेनका रंजन, पूजा कुमारी, कौशल्या कुमारी यादव की उपस्थिति में 30 प्रशिक्षणार्थियों का प्रशिक्षण उपरांत मूल्यांकन का आयोजन किया गया। किसानों के बीच नई नई तकनीक का प्रचार प्रसार करने के लिए एवं विभिन्न योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ कृषि के लिए उपयोगी जानकारी देने में यह प्रशिक्षण सहायक सिद्ध होगा। किसानों की आय दुगनी हो सके उसके लिए किसानों के बीच नई-नई तकनीकों जानकारी के साथ किसानों के बीच जाकर किसान को प्रशिक्षित एवं जानकारी उपलब्ध कराएंगे। प्रशिक्षण में देवेंद्र कुमार, आदित्य कुमार, कृष्ण मुरारी सिंह, संजय कुमार, राहुल कुमार, आलोक कुमार सहित 30 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रशिक्षण लिया।



### नगर के वार्ड 9 और 10 के रोड तथा गली की हालात बहुत दयनीय: श्याम पांडेय

**जहानाबाद।** भाकपा-माले के जिला कार्यालय सचिव कामरेड श्याम पाण्डेय ने एक प्रेस बयान जारी किया। जिसमें उन्होंने बताया कि जहानाबाद वार्ड 9 और 10 का रोड तथा गली में नाले की पानी रोड पर बहने के कारण आज यहां की जनता को काफी परेशानियां झेलनी पड़ रही है। जनता को गंदे पानी में चलने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। आज कितने वर्षों से नाले की पानी रोड पर बह रही है फिर भी जिला प्रशासन को अभी तक नींद नहीं खुल पा रही है। इस समस्या को लेकर बहुतों बार जनता जिला प्रशासन के खिलाफ आंदोलन, प्रदर्शन किया। लेकिन प्रशासन केवल आश्वासन ही देती रही है। जिला प्रशासन जनता की समस्या को सुनकर अनसुनी कर बैठी रहती है। केवल जिला प्रशासन का काम है कि गरीबों के घर पर जाकर शराब के नाम पर परेशान और तंगोतवाह करना। शहर में चोरी, डकैती, मोबाइल चोरी, लूट, पाट की घटनाओं में काफी तेजी आई है। इतना ही नहीं जहानाबाद शहर में पिछले एक सप्ताह के अंदर दो हत्याएं हो चूकी है। यह दोनों हत्या का जिम्मेवार यहां का जिला प्रशासन है। जिला में शासन, प्रशासन नाम की कोई चीज नहीं बची है। यहां की प्रशासन जनता की सुरक्षा देने में पूरी तरह से फेल हो चूकी है। भाकपा-माले जिला प्रशासन से मांग करती है कि शहर के वार्ड 9 और 10 का हालात पर जल्द से जल्द पहल ले। और शहर में एक सप्ताह के भीतर दो-दो हत्यायें हुई है। जिसके हत्यारों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कड़ी सजा दिया जाए। अन्यथा इसके खिलाफ भाकपा-माले तीव्र और धारदार आंदोलन के लिए बाध्य होगी।



## खबरें फटाफट

### टीन का शेड हटाने के दौरान करंट लगने से अधेड़ की मौत

**सिमरी।** सिमरी थाना क्षेत्र के गायघाट गांव में करंट की चपेट में आने से एक अधेड़ की मौत हो गई। घटना शुक्रवार की सुबह आठ बजे की है। जानकारी के अनुसार गायघाट निवासी अधेड़ अक्षय गोंड अपने घर में लगे टीन के पुराने शेड की मरम्मत के लिए उसा उतार रहा था। इसी दौरान शेड में करंट प्रवाहित हो गया। घरवाले जबतक कुछ समझ पाते तबतक बहुत देर हो चुकी थी। बाद में किसी तरह उसे उतार अस्पताल ले जाया गया। जहा डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके मौत की पुष्टि होते ही परिजनों में क्रंदन चित्कार मच गया। इस घटना के बाद पीड़ित परिवार में कोहराम मच गया है। घर पर सैकड़ो लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। परिजनों के क्रंदन चित्कार से गांव का महौल गमगीन हो गया था। पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

### बाइक के धक्के से अधेड़ जख्मी, अस्पताल में भर्ती

**केसठ।** केसठ पुराना बाजार मोड़ के पास तेज रफ्तार से आ रहे बाइक सवार ने शुक्रवार को एक 70 वर्षीय अधेड़ को टक्कर मार दिया। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दुर्घटना में उनके एक पैर की हड्डी टूट गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को दिया। सूचना मिलते ही तत्काल एंबुलेंस अस्पताल प्रबंधन द्वारा एंबुलेंस भेजा गया। वही प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल की पहचान केसठ के लक्ष्मण सिंह के रूप में हुई है। दुर्घटना को अंजाम दे बाइक चालक फरार हो गया। समाचार लिखे जाने तक इस मामले में पीड़ित द्वारा शिकायत दर्ज नहीं कराई गई थी।

# बच्चों के अधिकारों व उनके पुनर्वास के लिए संवेदनशीलता से कार्य करे पुलिस

- कृषि कॉलेज में आयोजित कार्यशाला में जुबेनाइल जस्टिस एक्ट की दी गई जानकारी
- बचपन बचाओ आंदोलन के तत्वावधान में हुई कार्यशाला



**केटी न्यूज/डुमरांव**

स्थानीय वीर कुंवर सिंह कृषि कॉलेज के सभागार में शुक्रवार को किशोर न्याय बालकों की देखरेख व संरक्षण अधिनियम 2015 के संबंध में जिलास्तरीय थानों के सभी थानाध्यक्ष, स्वास्थ्य विभाग और बाल श्रम विभाग आदि को प्रशिक्षण दिया गया। बचपन बचाओ आंदोलन समेत अन्य पुलिस अधिकारियों द्वारा बच्चों के मामले में पालन की जाने वाली प्रक्रिया पुलिस रिस्पांस, व्यवहार आदि के बारे में विस्तृत रूप से जागरूक करते हुए उसके देखभाल और सुरक्षा के हर कानूनी दांव-पेंच से अवगत कराया गया। इस कार्यशाला का शुभारंभ बचपन बचाओ आंदोलन बिहार-झारखंड राज्य के संयोजक मोरवतारुल हक और डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी ने किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रशिक्षक सुनील झा ने किशोर न्याय अधिनियम 2015 के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बच्चों के प्रकरण में पालन की जाने वाली प्रक्रिया पुलिस रिस्पांस, व्यवहार आदि के बारे में बताया।

उन्होंने कहा कि अधिनियम के तहत किशोर अपराधियों को चिकित्सा सुविधा और कानूनी सहायता प्रदान करना जरूरी है। बच्चों के संरक्षण के लिए काम कर रहे बाल कल्याण समिति, विभिन्न एनजीओ, पुलिस, चाइल्ड लाइन, जिला बाल संरक्षण इकाई को अधिनियम का पालन करने का विधान है। कानून से संघर्ष में आये हुए बालक, देखरेख एवं संरक्षण के जरूरतमंद बालक, बाल श्रमिक, लैंगिक अपराध के मामले, बाल विवाह के मामले और बाल दुव्यार्पार के मामले में सभी विभागों के सहयोग व समन्वय की आवश्यकता है। डीएसपी ने कहा कि पुलिस बच्चों के अधिकारों एवं उनके पुनर्वास हेतु संवेदनशीलता के साथ सजग होकर कार्य करें। साथ ही बच्चों के प्रकरणों की और किशोर न्याय अधिनियम की विभिन्न धाराओं, अपराधों एवं उसमें हुए नवीन संशोधनों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। बचपन बचाओं आंदोलन के जिला संयोजक प्रदीप शरण ने कहा कि बड़े पैमाने पर नाच मंडली में किशोरियों की उपस्थिति देखी गयी है। इसे पुलिस-प्रशासन को अवगत कराया और व्यवहारिक कठिनाइयों से ऊपर उठकर उनके अधिकारों और संरक्षण के प्रति जागरूक होने की बात कहीं।

मौके पर पप्पू दास, डुमरांव थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम, नया भोजपुर ओपी थानाध्यक्ष सुबोध कुमार, कृष्णाब्रह्म संतोष कुमार, रंजीत कुमार, राजीव रंजन राय सहित अन्य थानाध्यक्ष और विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## लॉज में सेक्स रैकेट संचालित होने की पुष्टि, पूर्व वार्ड पार्षद है लॉज संचालक

# कलावती लॉज में लंबे समय से चल रहा था गंदा खेल, जेल भेजे गए सभी आरोपी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव के कलावती लाज में सेक्स रैकेट संचालित होने की पुष्टि हो गई है। डुमरांव एसडीपीओ मो अफाक अंसारी ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि लॉज संचालक द्वारा अवैध तरीके से सेक्स रैकेट चलाया जा रहा था। बता दें कि गुरूवार को पुलिस की छापेमारी में होटल से तीन जोड़े आपत्तिजनक अवस्था में पकड़ाए थे। पुलिस ने तत्काल होटल संचालक पूर्व वार्ड पार्षद विजय चौधरी, उनके पुत्र अनुराग चौधरी उर्फ बब्लू तथा एक कर्मी योगेन्द्र कुमार को हिरासत में ले लिया था। देर शाम आवश्यक पूछताछ के बाद जहां तीनों युवतियों को बांड भरवा उनके अभिभावकों को सुपुर्द कर दिया गया है वहीं तीनों युवकों के साथ ही होटल संचालक, उसके पुत्र और होटलकर्मी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस मामले में पुलिस द्वारा होटल संचालक पर सेक्स रैकेट चलाने, अवैध तरीके से कमरा आवंटित करने समेत कई अन्य आरोप लगा एफआईआर दर्ज कराया गया है। वही एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस अब इस होटल द्वारा कमरा देने की प्रक्रिया की जांच की जा रही है। बताया जाता है कि होटल संचालक द्वारा नियमों को ताक पर रख कमरा आवंटित किया जाता था। जिससे आसानी से कोई भी बिना आईडी के भी कमरा ले सकता था। जो सुरक्षा व्यवस्था के लिए काफी गंभीर विषय है।




### छापेमारी के दौरान मिले थे सिर्फ तीन आईडी

पुलिस ने जिस वक्त होटल में छापेमारी की उस वक्त होटल के तीन कमरों से तीन जोड़े आपत्ति जनक अवस्था में मिलें थे। पुलिस ने जब होटल के रजिस्टर तथा कमरा लेने वालों द्वारा दी गई आईडी की मांग संचालक से की तो संचालक द्वारा सिर्फ तीन आईडी ही दिया गया जबकि तीनों युवतियों की आईडी भी होटल संचालक के पास नहीं थी। छह के बजाय सिर्फ तीन आईडी मिलने के बाद ही पुलिस सभी को हिरासत में लेकर थाने लाई। बताया जाता है कि यदि होटल संचालक द्वारा नियमों का पालन करते हुए कमरों का आवंटन किया गया होता तो पुलिस उन्हें हिरासत में नहीं लेती।

### जल्द सील होगा लॉज, मांगी गई है अनुमति

वहीं एसडीओ कुमार पंकज ने बताया कि कलावती लाज में अनैतिक तरीके से प्रेमी प्रेमिकाओं को रूम आवंटित करने की पुष्टि होने के बाद इस होटल को सील करने के लिए वीरय पदाधिकारियों को प्रतिवेदन दिया गया है। अनुमति मिलने के बाद होटल को सील किया जाएगा। उन्होंने कहा शहर में संचालित होटलों की जांच की जाएगी।

### इन लोगों की हुई गिरफ्तारी

जानकारी के अनुसार पुलिस ने होटल में अनैतिक तरीके से महिलाओं को लालच दे अवैध संबंध बनाने के आरोप में बगेनगोला थाना क्षेत्र के पोखरहा गांव निवासी काशीनाथ साह के पुत्र विवेक कुमार, कोरानसराय थाना क्षेत्र के मठिला निवासी श्रीभगवान यादव के पुत्र बिरेन्द्र यादव, मुरार थाना क्षेत्र के फफदर गांव निवासी अवधनारायण राम के पुत्र संतोष राम, होटल संचालक विजय चौधरी, अनुराग चौधरी तथा कर्मी योगेन्द्र कुमार को गिरफ्तार किया गया है। उनपर भादवि के धारा 419, 420, 376 तथा अनैतिक व्यापार अधिनियम 1956 की धारा 3/4/7 के तहत एफआईआर दर्ज कराया गया है।

### अवैध तरीके से जुआ खेलाने का भी लगता रहा है आरोप

जिस कलावती लाज में गुरूवार को सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ हुआ है। उसके संचालक पर लंबे समय से सेक्स रैकेट के संचालन के साथ ही अवैध तीरके से जुआ का अड्डा संचालित करने का आरोप भी लगते रहा है। बावजूद स्थानीय पुलिस ने कभी भी गहराई से इसकी जांच नहीं की। जिस कारण उसका मनोबल बढ़ते गया। जानकारों का कहना है कि अवैध कमाई के जरिए ही उसने होटल के विशाल भवन का निर्माण भी कराया है। सूत्रों की मानें तो वर्षों से हो रही शिकायतों के बावजूद मैनेज के खेल में स्थानीय पुलिस मौन साधे हुए थी। वही नयें एसडीपीओ ने इस पर से पर्दा उठा दिया है।

### क्या कहते है एसडीपीओ

इस संबंध में डुमरांव एसडीपीओ अफाक अंसारी ने कहा कि प्रथम दृष्टया सेक्स रैकेट के संचालन की जानकारी मिली है। एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। संचालक समेत छह लोगों को जेल भेजा गया है। पुलिस इस मामले की बारीकी से जांच कर रही है।

## एक नजर

### रोहिणी के पहले दिन हुई बारिश, लोगों को मिली उमस भरी गर्मी से राहत, किसानों के खिले चेहरे



**बक्सर।** शुक्रवार को जिले के विभिन्न इलाकों में हल्की से झमाझम बारिश हुई। बारिश होने से लोगों को जहा भीषण गर्मी से निजात मिल गया वही किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई। बता दें कि यह बारिश रोहिणी नक्षत्र के शुरू होने के बाद हुई है। किसानों की मानें तो रोहिणी नक्षत्र की बारिश खरीफ खेती के लिए काफी लाभदायक होती है। इस नक्षत्र को खरीफ खेती के बीजारोपण वाला नक्षत्र माना जाता है। किसानों का कहना है कि इस नक्षत्र में बारिश होने से खरीफ फसलों की पैदावार बढ़ जाती है। शुक्रवार को सुबह से ही मौसम का यू टर्न जारी था। सुबह में आसमान काले-काले बादलों से घिर गया था। हालांकि दोपहर में कुछ घंटों के लिए चटक धूप भी निकली थी। लेकिन शाम होते होते धूप के जगह फिर से बादल छाने लगे तथा बारिश शुरू हो गई। हालांकि बारिश बहुत अधिक नहीं हुई, लेकिन किसानों के उम्मीदों को जगा जरूर दिया है। बता दें कि रोहिणी नक्षत्र में ही धान का बिचड़ा डालने की शुरूआत होती है। किसान मनोज यादव, दयाशंकर तिवारी आदि ने बताया कि धान की आगत खेती के लिए रोहिणी नक्षत्र में बिचड़ा डालना उपयोगी होता है। किसानों ने कहा कि इस नक्षत्र में बारिश से खरीफ खेती के साथ ही आम की फसल को भी लाभ पहुंचता है। गौरतलब है कि चर्चित किसान कवि घाघ ने अपने एक दोहे में कहा था, रोहिणी रवे, मृग तवे कुछ दिन आद्रा जाए...., यानि रोहिणी नक्षत्र की बारिश धान की खेती के लिए विशेष लाभदायी होती है। यही कारण है कि बारिश होते ही किसानों के चेहरे पर खुशी बढ़ गई थी। हालांकि इस बारिश का जनजीवन पर कोई खास प्रभाव नजर नहीं आया। गर्मी से निजात मिलने से लोगों को राहत जरूर मिली। बता दें कि पिछले कुछ दिनों से लोग उमश भरी गर्मी तथा तल्ख धूप से खासे परेशान थे। वही बारशि होने से थोड़े देर के लिए ही सही गर्मी से राहत जरूर मिल गई।

### पर्यावरण के लिए जीवनशैली के तहत कराया गया योग, लोगों को स्वस्थ रहने की मिली सीख



**चौगाई।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे पर्यावरण के लिए जीवन शैली के तहत शुक्रवार को चौगाईं के मध्य एवं प्लस टू उच्च विद्यालयों में युवक एवं युवतियों को योग के विभिन्न आसनों को सिखाया गया। वहीं साइकिल रैली निकाल लोगों को स्वस्थ्य रहने के लिए नियमित योग करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नेहरू युवा केंद्र, बक्सर एवं नेहरू युवा विकास समिति, डुमराव के सौजन्य से किया गया था। योग शिक्षक के रूप में डॉ संजय कुमार सिंह एवं सुधीर कुमार रहे। योग के तहत ध्यान, सूर्य नमस्कार, तितली आसन, अनुलोम-विलोम, तड़ासन, वृक्षासन आदि सिखाया गया। डॉ संजय सिंह ने मिशन जीवन के तहत बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को एक पेड़, एक घंटा योग और संतुलित भोजन करना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि 26 मई को पहला दिन डुमरांव में योग कराया गया आज दूसरा दिन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तथा प्लस टू उच्च विद्यालय चौगाई में कराया गया। उन्होंने कहा कि योग करे, निरोग रहे यही हमारा थीम है। मौके पर सुधीर कुमार, कृष्ण कांत ओझा, प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार सिंह, अवधेश किशन पांडे, आदित्य कुमार आदित्य के अलावा कांति कुमारी, सोना, मोनी कुमारी, प्रिया कुमारी, संतोषी कुमारी, नेहा कुमारी, सोनी कुमारी, महेश कुमार, मनीष कुमार, अंजू कुमारी, संगीता कुमारी, सृष्टि कुमारी, सुशील कुमार सहित अनेकों छात्र एवं छात्राएं मौजूद होकर योग सीखा।

### डॉ मनोज पांडेय को बक्सर जिला कांग्रेस कमिटी का जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर जताई खुशी

**डुमरांव।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता वकील यादव ने डा मनोज कुमार पांडेय को बक्सर जिला कांग्रेस कमिटी का जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर शीर्ष नेतृत्व को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि श्री पांडेय पुराने कांग्रेसी है तथा उनके नेतृत्व में पार्टी को काफी मजबूती मिलेगी। उन्होंने कांग्रेस संगठन के इस निर्णय पर खुशी जताया है और उम्मीद व्यक्त किया है कि इनके नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी जिले में अपने पुराने गौरव को प्राप्त करेगी। श्री यादव ने कहा कि कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए जिलाध्यक्ष के रूप में ऐसे ही उजावान कार्यकर्ता की जरूरत है। उन्हें जिलाध्यक्ष बनाए जाने के बाद से कांग्रेसियों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

## सीओ ने नर्तकी के साथ दुर्व्यवहार होते देख पुलिस को दी सूचना

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव सीओ अंकिता सिंह का मानवीय चेहरा शुक्रवार को देखने को मिला। हुआ यूं कि कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के ढकाईच गांव के पास नाच मंडली की नर्तकी बक्सर जा रही थी, इसी बीच नवाडेरा के पास संचालक उससे दुर्व्यवहार करने लगा। संयोग से उसी दौरान डुमरांव सीओ उधर से गुजर रही थी। उन्होंने महिला से दुर्व्यवहार होता देख अपनी गाड़ी रूकवाई तो आरोपी भागने लगे। इसके बाद वह नया भोजपुर ओपी पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने नर्तकी को अपने साथ लेकर थाने आई।

जानकारी के अनुसार ढकाइच में सन्नी डांस पार्टी में मुजफ्फरपुर जीरो माइल की चांदनी कुमारी नामक युवती नर्तकी के रूप में शामिल है। उसने आरोप लगाया कि डांस मंडली के संचालक के ऊपर 38 हजार रुपये बकाया है। संचालक द्वारा पैसा देने में आनाकानी बरते जाने के बाद नर्तकी अपने घर जाने के लिए बक्सर की ओर निकली थी। इसकी जानकारी मिलते ही संचालक पीछा कर नावाडेरा गांव के समीप नर्तकी का रास्ता रोक दुर्व्यवहार करने लगा। शोरगुल सुनकर ग्रामीणों की भीड़ लग गयी। इसी दौरान डुमरांव सीओ अंकिता सिंह रास्ते से गुजर रही थी। महिला के साथ दुर्व्यवहार को देख इसकी सूचना ओपी पुलिस को दी। नर्तकी ने पुलिस को बताया कि ढकाइच गांव के रहने वाले सन्नी यादव डांस पार्टी का संचालक है, जिसके ऊपर 38 हजार रुपये बकाया है बावजूद वह आर्थिक शोषण के फिराक में लगा रहता है।

## योजना के नल में मोटर पंप लगाने की बीडीओ ने की जांच

**खबर का असर**

- 10 घरों में नल जल योजना के पाइप में मोटर लगाने की हुई पुष्टि

**केटी न्यूज/केसठ**

हर घर नल का जल वाले नल में मोटर लगा जलापूर्ति बाधित करने की खबर केशव टाइम्स द्वारा प्रकाशित करने के बाद शुक्रवार को बीडीओ ने इस मामले की जांच की। जानकारी के अनुसार बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा खुद केसठ के वार्ड 13, 14 व 15 के दो दर्जन से अधिक घरों में जांच किये। इस दौरान लगभग 10 घरों में नल जल योजना के पाईप में मोटर पंप लगाया हुआ पाया गया। बीडीओ ने घर के मुखिया से अविलंब मोटर पंप बंद करने का निर्देश दिय। वही निर्देश के बाद नल जल योजना के पाईप में मोटर पंप लगाने की जांच नहीं करने पर पीएचडी जेई को फटकार लगाते हुए केसठ पंचायत के विभिन्न वार्डो में इसकी जांच कर अविलंब मोटर पंप बंद कराने का निर्देश दिया। बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा ने बताया कि जेई को इसकी जांच कर एक सप्ताह के अंदर मोटर पंप बंद कराने का निर्देश दिया गया है। ऐसा नहीं करने पर जेई पर करवाई की जाएगी। जांच टीम में मुख्य रूप से प्रखंड संख्यिकी पदाधिकरी शिवशंकर सिंह, स्वच्छता पर्यवेक्षक संजय बारी, प्रदीप कुमार, अयोध्या पासवान, स्थानीय चौकीदर मनोज यादव आदि शामिल थे।



### क्या है मामला

बता दें कि केसठ प्रखंड के विभिन्न गांवों में लगाए गए नल जल योजना के पाइप में कुछ ग्रामीणों द्वारा मोटर लगा उससे पानी टंकी को भरा जाता है। लोगों द्वारा पूर्व में इसकी शिकायत बीडीओ से की गई थी। तब बीडीओ ने पीएचईडी के जेई को जांच करने का निर्देश दिया था। लेकिन जेई इस निर्देश पर कुंडली मार बैठे थे। 24 मई के अपने अंक में केशव टाइम्स ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिस पर संज्ञान लेते हुए बीडीओ खुद जांच करने गए।

**क्या कहते है बीडीओ:** जांच के दौरान 10 घरों में पाइप में मोटर लगने की पुष्टि हुई है। उन्हें तत्काल मोटर हटाने को कहा गया। जेई को फिर से जांच का निर्देश दिया गया है। निर्धारित तिथि के बाद मोटर लगाने वालों पर एफआईआर कराया जाएगा।

## बक्सर मुख्यालय एसडीपीओ के नेतृत्व में गठित हुई समिति, शामिल हुए कई पुलिस पदाधिकारी

# लैंगिक उत्पीड़न के शिकायतों की जांच करेगी आंतरिक शिकायत समिति

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर मुख्यायल एसडीपीओ मो असफाक अंसारी को कार्यालयों तथा अन्य कार्यस्थलों पर लैंगिक उत्पीड़न की रोकथाम व शिकायतों की जांच करने वाली कमेटि आंतरिक सुरक्षा समित का प्रमुख बनाया गया है। एसपी मनीष कुमार ने पिछले दिनों पुलिस पदाधिकारियों के स्थानांतरण के बाद लैंगिक उत्पीड़न की रोकथाम के लिए आंतरिक सुरक्षा समित का पुनर्गठन किया हैं। इसके तहत जहां मुख्यालय एसडीओ को इस समिति की कमान सौंपी गई है, वही तेज तर्रार पुलिस पदाधिकारी माने जाने वाले इंस्पेक्टर उमेश चंद्रा, बक्सर महिला थाने की थानाध्यक्ष कंचन कुमारी तथा नगर थाने की एएसआई स्वाति कुमारी को इस समिति में रखा गया है।



एसपी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि बिहार पुलिस मुख्यालय के कार्मिक व कल्याण विभाग द्वारा कार्य स्थलों पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण अधिनियम 2013 के तहत उन सभी कार्यालयों या संस्थाओं में आंतरिक सुरक्षा समिति का गठन किया गया है जहां दस या इससे अधिक व्यक्ति कार्यरत है। हाल ही में जिले के कई वरीय पुलिस पदाधिकारियों का तबादला हो चुका है। जिस कारण पूर्व की समिति में शामिल पुलिस पदाधिकारी दूसरे जिलों में स्थानांतरित हो गए है। इस कारण समिति का पुनर्गठन किया गया है।

### समिति की रिपोर्ट पर ही होगी कार्रवाई

एसपी मनीष कुमार ने बताया कि यह समिति लैंगिक उत्पीड़न संबंधित शिकायतों के मिलने के बाद उसकी अपने स्तर से जांच कर उसकी रिपोर्ट सौंपेगी। समिति की रिपोर्ट पर ही आरोपी पर कार्रवाई तय की जाएगी। समिति के पुनर्गठन के बाद सभी पदाधिकारियों ने कहा कि इस समिति द्वारा पारदर्शी तरीके से महिला कर्मियों के साथ हुए उत्पीड़न मामले की जांच की जाएगी। वही समिति द्वारा किसी भी कार्यस्थल पर महिला कर्मियों के साथ हुए लैंगिक उत्पीड़न की जानकारी के लिए एक टोल फ्री नंबर 181 जारी किया गया है। इस नंबर पर लैंगिक उत्पीड़न की शिकार कर्मी शिकायत दर्ज करा सकती है। जिसकी जांच समिति द्वारा की जाएगी।

### क्या है यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013

संविधान के अनुच्छेद 14 के अनुसार विधि के समक्ष समता और विधियों का समान संरक्षण, अनुच्छे 15 धर्म, जाति, रंग, लिंग एवं जन्म स्थान के आधार पर भेदभाव को रोकने तथा अनुच्छेद 15 जीवन की स्वतंत्रता और सुरक्षा को प्रत्येक नागरिक का मौलिक अधिकार निर्धारित करता है। इसी के तहत महिलाओं को कार्यस्थल पर सुरक्षा प्रदान करने के लिए वर्ष 2013 में एक कानूनी अधिकार बनाया गया। जिसे कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013 के नाम से जानते है। इसमें महिलाओं के साथ होने वाले उत्पीड़न की श्रेणियों तथा दोषी पर सजा का प्रावधान निर्धारित किया गया है। इसमें सरकारी तथा निजी क्षेत्र के संगठन दोनों शामिल है।

# वीकेंड ऑपरेशन : जिला प्रशासन ने 13 रिहायशी मकानों पर चलाया बुल्डोजर

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



जिला प्रशासन का वीकेंड ऑपरेशन बुल्डोजर के तहत 16 रिहायशी आवास पर बुल्डोजर चलाया गया। शुक्रवार को 13 रिहायशी आवास को गिराया गया। जबकि पांच माह पहले तीन मकान पर पहले ही जिला प्रशासन द्वारा बुल्डोजर चलाया गया था और बाकी बचे रिहायशी आवास को स्वतः खाली करने का अल्टीमेटम दिया गया था। लेकिन पांच माह बीत जाने के बाद अवैध अतिक्रमण को खाली नहीं किया गया। इसी क्रम में आज बचे 13 रिहायशी मकान पर बुल्डोजर चलाकर अवैध अतिक्रमण को खाली कराया गया। दरअसल सदर कोतवाली इलाके के मीरनपुर सक्का में हाईकोर्ट ने चकरोड के रास्ते पर अवैध अतिक्रमण कर बनाए गये 16 रिहायशी मकान को खाली कराने का जिला प्रशासन को आदेश दिया था। इसी क्रम में आज 13 रिहायशी मकान पर जिला प्रशासन द्वारा बुल्डोजर चलाकर खाली कराया गया। ये कार्रवाई एसडीएम सदर और तहसीलदार के नेतृत्व में भारी फोर्स के साथ किया गया गया।

मीरनपुर सक्का गांव के नक्शे में मौजूद रास्ते पर 16 रिहायशी आवास का निर्माण कराया गया था। इन 16 घरों में कुछ ऐसा घर भी था। जिसमें चार पीढ़ी से लोग रह रहे हैं। आज हाईकोर्ट के आदेश पर जिला प्रशासन के द्वारा रास्ते को लेकर 13 रिहायशी घरों पर बुल्डोजर चलाकर आज अतिक्रमण हटवाया गया। इससे पहले जिला प्रशासन द्वारा यहां पर पांच माह पहले तीन रिहायशी मकान पर बुल्डोजर चलाकर बाकी बचे 13 रिहायशी मकान के मालिकों को स्वतः अतिक्रमण हटाने का अल्टीमेटम दिया गया था। लेकिन पांच माह बाद भी जब अतिक्रमण को खाली नहीं किया गया, तो आज उन बचे 13 रिहायशी मकान पर बुल्डोजर चलाकर अतिक्रमण खाली कराया गया। वहीं मौके पर मौजूद एसडीएम प्रतिभा मिश्रा ने बताया कि हाई कोर्ट के आदेश के क्रम में 16 रिहायशी मकान के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण खाली कराने का आदेश दिया गया है। इसके क्रम में आज डिमोलिश का कार्य किया जा रहा है। पांच माह पहले तीन आवास के खिलाफ डिमोलिश का कार्य किया जा चुका है। बाकी अन्य बचे 13 के खिलाफ डिमोलोश का कार्य किया जा रहा है। वहीं मीडिया ने सवाल किया कि इसमें कुछ गरीबों का भी मकान ध्वस्त हो गया है। इस सवाल पर कहा कि सभी के पास खेत और मकान है अगर जिनके पास कुछ नहीं है, उनको पट्टा कर जमीन उपलब्ध कराई जाएगी।

## पिकअप की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत

**बलिया।** रतसड़-खेजुरी मार्ग पर स्थित गड़वार थाना क्षेत्र के डीएस स्कूल के समीप एक अनियंत्रित पिकअप बाइक सवार युवक को चपेट में ले ली। हादसे में बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गयी, जबकि उसका साथी बुरी तरह से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, घटना की जानकारी मिलते ही युवक के घर कोहराम मच गया। पकड़ी थाना क्षेत्र के पुर गांव निवासी 18 वर्षीय आकाश सिंह पुत्र अक्षयलाल सिंह अपने साथी राहुल सिंह पुत्र रमेश सिंह के साथ खेजुरी थाना क्षेत्र के रक्सा गांव स्थित अपनी रिस्तेदारी में जा रहा था। अभी ये लोग डीएस स्कूल के पास पहुंचे थे, तभी रतसड़ की तरफ से आ रही पिकअप ने पीछे से इनकी बाइक में टक्कर मार दी। तेज टक्कर से बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने आस-पास के लोगों की मदद से दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान आकाश सिंह की सांसे थम गयी। जिसके बाद परिजनों को मामले की जानकारी दी गई। जिसके बाद आकाश के परिजन आननफानन में अस्पताल पहुंचे। जहां बेटे की मौत के बाद परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

### सिविल प्रक्रिया संहिता के आदेश सात के नियम 11 की अर्जी वाद के तथ्यों पर ही तय होगी

# ज्ञानवापी मामले की सुनवाई 14 जुलाई को दोनों पक्ष से जमा कराई गई लिखित प्रतियां

**एजेंसी/वाराणसी**

ज्ञानवापी के वजूस्थल को छोडकर पूरे परिसर के सर्वे की याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया की अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनी। दलीलें सुनने के बाद उन्होंने दोनों पक्षों से लिखित प्रति ली और सुनवाई के लिए 14 जुलाई की तारीख दी। इससे पहले न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया की कोर्ट में याचियों की ओर से बहस में कहा गया था कि प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट 1991 की धारा चार के तहत सिविल वाद सुनने योग्य नहीं है। अनुच्छेद 227 के अंतर्गत याचिका में चुनौती दी जा सकती है। कोर्ट में हिंदू पक्ष का कहना था कि भगवान विश्वेश्वर स्वयंभू भगवान हैं। वह मानव द्वारा निर्मित नहीं बल्कि प्रकृति प्रदत्त हैं, मूर्ति स्वयंभू प्राकृतिक है। सुप्रीम कोर्ट के एम सिद्दीकी बनाम महंत सुरेश दास व अन्य केस के फैसले का हवाला दिया था। बताया कि प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट की धारा चार इस मामले में लागू नहीं



■ अनुच्छेद 227 के अंतर्गत याचिका में दी जा सकती है चुनौती

होगी। सिविल प्रक्रिया संहिता के आदेश सात के नियम 11 की अर्जी वाद के तथ्यों पर ही तय होगी।

**प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट 1991 की धारा 4 पर बहस :** हाईकोर्ट में पिछले दिनों याचियों की तरफ से बहस की गई थी कि प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट 1991 की धारा 4 के तहत सिविल वाद सुनने योग्य नहीं है। स्थापित कानून है कि कोई आदेश पारित हुआ है और अन्य विधिक उपचार उपलब्ध नहीं हैं, तो अनुच्छेद 227 के अंतर्गत याचिका में चुनौती दी जा सकती है। हिन्दूपक्ष ने कहा कि मूर्ति स्वयं भू प्राकृतिक है, इसलिए प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट की धारा 4 इस मामले में लागू नहीं होगी। कहना था कि आदेश 7 नियम 11 सिविल प्रक्रिया संहिता की अर्जी वाद के तथ्यों पर ही तय होगी। सिविल वाद में लिखा है कि स्वयं भू विश्वेश्वर नाथ मंदिर सतयुग से है। 15 अगस्त 1947 से पहले और बाद में लगातार निर्बाध रूप से वहां पूजा की जा रही है।

**28 नवंबर 2022 से सुरक्षित है फैसला :** ज्ञानवापी परिसर का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण से सर्वे कराने संबंधी वाराणसी की अदालत के आदेश तथा सिविल वाद की वैधता को लेकर दाखिल याचिकाओं पर फैसला विगत वर्ष से सुरक्षित है। शुरू में न्यायमूर्ति अजीत कुमार फिर न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया की पीठ ने इसकी सुनवाई की। विचाराधीन याचिकाओं पर 28 नवंबर 2022 को फैसला सुरक्षित कर लिया गया था। वादियों के अनुसार केस में 20 से अधिक सुनवाई के समेत जिरह हो चुकी है। आज भी कई मुद्दों को स्पष्ट करने के लिए फिर से सुनवाई होगी और दोनों पक्ष को तलब किया गया है। सुनवाई के दौरान मुस्लिम पक्ष ने दलील दी थी कि मुगल औरंगजेब क्रूर नहीं था। उसने ना ही वाराणसी के किसी भगवान आदि विश्वेश्वर मंदिर को तोड़ा था। औरंगजेब के आदेश पर किसी मंदिर को तोड़े जाने का कोई साक्ष्य नहीं दिखाया गया। वाराणसी में दो काशी विश्वनाथ मंदिरों (पुराने और नए) की कोई अवधारणा नहीं थी। घटनास्थल पर जो ढांचा या भवन मौजूद है, मस्जिद आलमगिरी व ज्ञानवापी मस्जिद वहां हजारों साल से है। कल भी मस्जिद थी और आज भी मस्जिद है। वाराणसी और आस-पास के जिलों के मुसलमान बिना बंदिश के नमाज पंजगाना और नमाज जुमा और नमाज ईद अदा कर रहे हैं।

## सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**केटी न्यूज/बलिया**

सड़क दुर्घटना में घायल युवक की 5 दिन बाद बृहस्पतिवार के दिन बीएचयू में इलाज के दौरान मौत हो गई ।मौत का समाचार मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।युवक की शादी महज 3 माह पूर्व विगत फरवरी महीने में हुई थी । युवक का शव बृहस्पतिवार की रात 11:00 बजे पैतृक निवास स्थान मनियर चांदू पाकड़ में पहुंचा। अगले दिन शुक्रवार को सांत्वना देने वालों का तांता लगा रहा।

घटना के संदर्भ में बताया जा रहा है कि रितेश पटेल 24 वर्ष पुत्र मुन्ना पटेल निवासी वार्ड नंबर 4 शिव मंदिर चांदू पाकड़ मनियर, थाना मनियर जनपद बलिया विगत शनिवार की रात करीब 10:00 बरात करने जाते समय बॉसडीह कोतवाली थाना क्षेत्र के नारायणपुर चट्टी के पास बाइक के पेड़ से टकराने की वजह से घायल हो गया था। परिजन उसे इलाज हेतु जिला अस्पताल ले गए ।जिला अस्पताल के बाद उसे वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया लेकिन कुछ दिनों तक परिजन मऊ में इलाज कराए। हालत में सुधार न होने पर बीएचयू लेकर गए लेकिन उसकी मौत बृहस्पतिवार के दिन हो गयी। मौत का समाचार सुनते ही क्षेत्र में कोहराम मच गया। पत्नी सोनी देवी 21वर्ष, मां मंजू देवी, बहन आरती एवं पूजा, भाई अरुण पटेल, सूरज, शनि, पिता मुन्ना पटेल की रो-रोकर हालत खराब है। पत्नी सोनी कहकर रो रही है कि डॉक्टर नहीं रहा तो मैं कैसे जिंदा रहूंगी। मृतक मेडिकल की दुकान चलाता था। वहीं मां रोते-रोते बेहोश हो जा रही थी।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से युवक की मौत

**बलिया।** जनपद के सुखपुरा थाना क्षेत्र के बसंतपुर गांव में आकाशीय बिजली की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए जिला अस्पताल में भेज दिया है। घटना के बाद परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार बसंतपुर गांव निवासी प्रद्युम्न साहनी 18वर्ष पुत्र बसंत साहनी गुरुवार की देरशाम बारिश खत्म होने के बाद टहलने के लिए गया हुआ था। इसी बीच तेज कड़क के साथ आकाशीय बिजली उस पर गिर पड़ी जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के जिला अस्पताल भेज दिया। इधर, युवक के मौत की खबर सुनने के बाद उसके परिवार में कोहराम मच गया।

## सभी बीएलओ अपने अपने क्षेत्रों में वोटर आईडी को आधारकार्ड से जोड़ें: एसडीएम

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



आगामी लोकसभा उप चुनाव के मद्देनजर लोदीपुर मोहल्ला स्थित बुद्धम्-शरणम महाविद्यालय के परिसर में बीएलओ को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। निर्वाचन से संबंधी जानकारी तहसील के कर्मचारी राहुल कुमार ने दी।

बीएलओ प्रशिक्षण में एसडीएम हर्षिता तिवारी ने कहा कि सभी बूथ लेवल अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में सभी मतदाताओं को आधारकार्ड से जोड़ने के लिए तैयारी कर लें। उन्होंने अभी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि बीएलओ को समय से आधार कार्ड उपलब्ध कराए ताकि मतदाता पहचान पत्र दुरुस्त किया जा सके। उन्होंने इस क्रम में मतदाता सूची से नाम हटाने, नए मतदाताओं का नाम जोड़ने, मतदाताओं को अपने कार्ड के प्रति जिम्मेदारी सहित कई बिन्दुओं पर जानकारी दी। तहसीलदार रामजी ने अपने संबोधन में कहा कि संभावित लोकसभा के उप चुनाव के मद्देनजर मतदाताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए आधारकार्ड से मतदाता सूची से जोड़ने के लिए अपना- अपना सहयोग करें। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी कमलावती देवी, खंड शिक्षाधिकारी सहित राहुल कुमार आदि के साथ रजिया बेगम, छाया देवी, नर्गिस बानो, रेशमा बानो, रुकशंदा, मुन्नी देवी आदि सहित आंगनबाड़ी बीएलओङ्क शिक्षक, लेखपाल मौजूद रहे।

### बारिश के बावजूद बलिया जिलाधिकारी ने जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय परिसर का किया निरीक्षण

# बाढ़ नियंत्रण विभाग की टीम करेगी विश्वविद्यालय का मुआयना

**केटी न्यूज/बलियरा**



जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य बारिश से विश्वविद्यालय में होने वाली परेशानियों के विषय में जानकारी हासिल करना था। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजीत कुमार गुप्ता ने जिलाधिकारी को बताया कि बारिश के समय विश्वविद्यालय परिसर में पानी भर जाता है। इसके संबंध में जिलाधिकारी ने कुलपति को बताया कि सिंचाई विभाग बाढ़ खंड की टीम कल विश्वविद्यालय का मौका मुआयना करेगी। साथ ही लोक निर्माण विभाग की टीम को निर्देश दिया कि जलभराव की समस्या को दूर करने का पूरा प्रयास करें।

जिलाधिकारी ने विश्वविद्यालय के एकेडमिक कक्षाओं और कंप्यूटर कक्ष का निरीक्षण किया और वहां पर चल रहे पाठ्यक्रमों के विषय में कुलपति से जानकारी हासिल की। जिलाधिकारी ने कुलपति को भरोसा दिलाया कि प्रशासन की तरफ से विश्वविद्यालय को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। जिससे कि बारिश के समय विश्वविद्यालय में पठन-पाठन के दौरान किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न ना हो। जिलाधिकारी ने विश्वविद्यालय जाने वाले मार्ग पर भरतपुरा में नाले पर निमार्णाधीन पुलिया का निरीक्षण किया और लोक निर्माण विभाग के एएक्सइएन देवेंद्र वर्मा को निर्देश दिया कि जल्द से जल्द पुलिया निर्माण का कार्य पूरा किया जाए जिससे कि बारिश के समय आने जाने में किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न ना हो।

**सफाई की व्यवस्था ठीक ना पाए जाने पर जताई नाराजगी :** जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बसंतपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र पर साफ सफाई की व्यवस्था ठीक ना पाए जाने पर कड़ी नजर नाराजगी जताई। उन्होंने सीएमओ डॉ. जयंत कुमार को निर्देश दिया स्वास्थ्य केंद्र की उचित देखभाल के साथ साफ सफाई व्यवस्था रखी जाए। जिलाधिकारी ने इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र के सभी कक्षों का निरीक्षण किया। स्वास्थ्य केंद्र के फार्मासिस्ट कक्ष के निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टॉक में रखी हुई दवाइयों के संबंध में जानकारी हासिल की। उपस्थिति रजिस्टर का निरीक्षण करने के दौरान उन्होंने पाया कई कर्मचारी अनुपस्थित है और कुछ हस्ताक्षर कर के केंद्र से गायब है। इस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई और संबंधित के खिलाफ कार्यवाही करने का निर्देश सीएमओ को दिया।

## एक नजर

### 20 जून तक ग्रीष्मकालीन चित्रकला प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

**बलिया।** राज्य ललित कला अकादमी उप्र लखनऊ की ओर से ग्रीष्मकालीन चित्रकला प्रशिक्षण कार्यशाला प्रातः 7:00 बजे से 10:00 बजे तक श्री मुरली मनोहर टाउन इंटर कॉलेज बलिया के सभागार में चल रहा है। इस चित्रकला कार्यशाला में 10 वर्ष से 25 वर्ष तक के छात्र-छात्राएं प्रशिक्षण ले सकते हैं ' यह प्रशिक्षण 20 जून तक चलेगा। प्रशिक्षण के पश्चात राज्य ललित कला अकादमी उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा प्रशिक्षण प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। ग्रीष्मकालीन चित्रकला कार्यशाला के संयोजक डॉ. इफ़्तेखार खान ने बताया कि प्रशिक्षण के प्रथम दिन बच्चों को ड्राइंग का सिद्धांत के अंतर्गत किसी वस्तु को किस तरह से ड्राइंग शीट पर निरूपित करते हैं तथा ड्राइंग एवं स्केच पूर्ण होने के बाद किस प्रकार उसमें कलर भरते हैं के टिप्स दिया गया और अभ्यास कराया गया। इस प्रशिक्षण में विशेष रुप से कक्षा 10 एवं 12 तथा बीएफए प्रवेश परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्र छात्राओं को सीधा लाभ मिलेगा। हर्ष मिश्रा, नव्या सिंह, याशिका तिवारी, अनन्या सिंह, ख्वाहिश, ऐमन खान, आदित्य सिंह, विधि प्रताप सिंह, अंश यादव, मौसम कुमार, आदित्य यादव, अभिजन चौबे, आलिया विश्वकर्मा,उत्कर्ष शर्मा, साक्षी, सोनाक्षी, अर्षिता प्रकाश गुप्ता, अरुनी प्रकाश गुप्ता, अद्वित आनंद, आर्य मिश्रा, जान्हवी वर्मा, श्रेयसी कुमार वर्मा, सिद्दी वर्मा, उत्सव प्रताप सिंह इत्यादि छात्र छात्राओं ने प्रशिक्षण लिया।



### वार्षिक प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन, 110 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया

**गाजीपुर।** मरदह ब्लाक के मां फुलिया देवी महिला महाविद्यालय जुगनू नगर मामपुर के परिसर में गत वर्षों की भांति वार्षिक प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें दर्जनों शिक्षण संस्थानों के 110 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया था। इसके परीक्षा फल घोषित होने पर होनहार छात्र -छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रोत्साहित कर पुरस्कृत करके सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में विसेन इण्टर कॉलेज की छात्रा विनिता यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। चन्द्रशेखर शक्तिपीठ इण्टर कॉलेज की छात्रा काजल कुशवाहा द्वितीय स्थान प्राप्त की। नेशनल इण्टर कॉलेज की छात्रा खुशबू मौर्या तृतीय स्थान पर रही। जिन्हें साइकिल, मेडल, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसी क्रम में गुड़िया यादव, छाया कुमारी, अमृता यादव, सितारा प्रजापति, मनिषा प्रजापति, निकहत परवीन, तैहनियत फातिमा, खुशी वर्मा, रीतू यादव, अंजली राय, खुशबू यादव, अर्चना यादव, खुशबू राजभर, महिमा प्रजापति,श्रेया प्रधान सहित सभी छात्र -छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर अष्ट शहीद इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य शिवशंकर गिरी, रविंद्र राय, दिनेश वर्मा, रामजी सिंह, तेज बहादुर यादव, गुड्डू शर्मा, अरुण, घनश्याम यादव, वकील यादव, सुनील राय, नरेंद्रनाथ सिंह, सुबच्चन, दिनेश यादव, अजय चौहान, वीरेंद्र यादव, दयाशंकर यादव, गोरेलाल शर्मा, जयराम यादव, बृजेश यादव, राजेंद्र, रामकेवल, श्याम जी, शशीकांत चौरसिया, विजय शंकर यादव आदि मौजूद रहे। अंत में महाविद्यालय के प्रबंधक रामनिवास यादव ने? सभी आगंतुकों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए प्रतियोगिता में सफल छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए मार्गदर्शन के साथ-साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।



### संविदा विद्युत कर्मी की करेंट से मौत

**गाजीपुर।** रेवतीपुर व नगसर हाल्ट थाने के डोहरा गांव के समीप शुक्रवार की सुबह हाईटेंशन विद्युत पोल पर चढ़कर लाइन बना रहे एक संविदा कर्मी दिवेश पांडेय (23) निवासी नवली थाना रेवतीपुर की अचानक विद्युत प्रवाह होने से मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर क्षेत्रीय ग्रामीणों की भारी भीड़ इकठ्ठा हो गई। मौत की सूचना लोगों ने परिजनों को दी। घट?ना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी राधा व मां राजकुमारी का रो- रोकर बुरा हाल था। सूचना मिलते ही मृतक के परिजन आनन-फानन में वाहन से घटना स्थल पर रोते बिलखते हुए पहुंच गए। घटना की सूचना परिजनों एवं ग्रामीणों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही घटना की छानबीन में जुट गई। उधर ग्रामीणों ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मृतक के परिजनों को? आर्थिक सहायता व परिवार के एक व्यक्ति को नौकरी देने की मांग की है। मृतक के पिता विरजू पांडेय ने बताया कि उनका पुत्र दिवेश पांडेय नवली गाँव स्थित विद्युत सब -स्टेशन पर काफी दिनों से संविदा के पद पर कार्यरत था। शुक्रवार को करीब साढ़े ग्यारह बजे वह शड डाउन लेकर डोहला के पास पोल पर विद्युत तार ठीक करने लगा। पिता ने बताया कि इसी दौरान अचानक विद्युत तार में करेंट प्रवाहित होने से उसके पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। बताया कि उनका पुत्र अपने दो भाइयों में बड़ा था। उसकी शादी कुछ वर्ष पहले कुकुठा बक्सर बिहार में राधा से हुई थी। उसे छह माह की एक नवजात पुत्री भी है।



### गांव के विकास के लिए ग्राम चौपाल में सुनी जा रही है ग्रामीणों की समस्याएं

**गाजीपुर।** मरदह गांवों के विकास को गति देने के लिए प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। गांव की चौपाल में स्थानीय अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को बुलाया जा रहा, ताकि वहां की वास्तविक समस्याओं से सरकार को अवगत कराया जा सके। ब्लाक के नसरतपुर गांव में शुक्रवार को ग्राम चौपाल लगाया गया जिसमें खंड विकास अधिकारी अरुण कुमार वर्मा ने कहा कि गांवों को मुख्यधारा में लाने का प्रयास है। राज्य के विकास इंजन के रूप में गांवों के विकास पर ध्यान दिया जा रहा है। जिसका असर धरातल पर जल्द दिखाई देगा। ग्राम चौपाल इसी श्रृंखला का हिस्सा है। सरकार प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए पहल कर रही है। साथ ही, ग्राम पंचायत रोशनी, सामुदायिक शौचालय, पंचायत भवन, जल निकासी चैनल, सड़क, लिंक रोड, विद्यालय भवन, विद्यालय संचालन, एमडीएम, सिंचाई व्यवस्था (नहर/नलकूप), संचारी रोग, टीकाकरण, चौपाल में राशन वितरण, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, हर घर में नल से जलापूर्ति, आंगनबाड़ी व एएनएम केंद्रों का निरीक्षण, वृद्धावस्था, विधवा एवं विकलांग पेंशन व छात्रवृत्ति का सत्यापन भी किया गया। ग्राम चौपाल में छह मामले आए इसके निस्तारण के लिए विधिक कार्यवाही की गई। इस मौके पर एडीओ पंचायत नवीन कुमार सिंह, सचिव राजेंद्र यादव, प्रधान शीला देवी, तारकेश्वर राम, शिवशंकर यादव, उमाशंकर यादव आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में गुलाल सराय गांव में आयोजित ग्राम चौपाल में दस लोगों ने जन समस्याएं दर्ज कराई जिसके निस्तारण के लिए कार्रवाई तय की गई।